M

No. of Pages : 16

PRE-BOARD EXAMINATION, 2010-11

Class : XII

Subject : Accountancy (लेखांकन)

Time : 3 Hrs.] **[M.M. : 80**

समय : 3 घण्टे] **[अधिकतम अंक : 80**

General Instructions :

(i) This question paper consists of two parts A & B.

(ii) All parts of a question should be attempted at one place.

सामान्य निर्देश :

(i) यह प्रश्न-पत्र दो भागों में विभक्त है - 'क' तथा 'ख'।

(ii) किसी प्रश्न के सभी भागों के उत्तर एक ही स्थान पर लिखिये।

Part 'A'

(Accounting for not for Profit Organisations, Partnership Firms and Companies)

भाग 'क'

(अलाभकारी संगठन, साझेदारी फर्म तथा कम्पनी खाते)

1. State the basis of accounting, on which a Receipt & Payments account is prepared in case of a not for profit organisation. 1

अलाभकारी संगठन के प्राप्ति एवं भुगतान खाता तैयार करने का लेखांकन आधार बताइये।

2. A, B and C are partners. They decided that no interest on drawings is to be charged to any partner. But after one year 'C' wants that interest on drawings should be charged to every partner. State how 'C' can do this. 1

'अ', 'ब' तथा 'स' साझीदार हैं। उन्होंने यह निश्चित किया कि किसी भी साझेदार से आहरण पर ब्याज नहीं लिया जायेगा। लेकिन एक वर्ष बाद 'स' चाहता है कि प्रत्येक साझेदार से आहरण पर ब्याज लिया जाए। बताइये 'स' यह कैसे कर सकता है।

3. State the need for treatment of Goodwill on admission of a Partner. 1

साझेदार के प्रवेश के समय ख्याति के लेखांकन की आवश्यकता बताइये।

4. Why are 'Reserve and Surplus' distributed at the time of reconstitution of the firm ? 1

फर्म के पुनर्निर्माण के समय 'संचय तथा लाभ' (रिजर्व एंड सरप्लस) को क्यों बाँटा जाता है ?

5. What are 'Calls in Advance' ? 1

'पूर्वदत्त' याचना क्या होती है ?

6. From the following information calculate the amount of subscriptions outstanding for the year 2008-09.

A club has 200 members each paying an annual subscription of Rs. 1,000. The Receipts & Payments Account for the year showed a sum of Rs. 2,05,000 received as subscriptions.

The following additional information is provided :

(a) Subscriptions outstanding on 31st March, 2008 = Rs. 30,000.

(b) Subscriptions received in advance on 31st March, 2009 = Rs. 40,000.

(c) Subscriptions received in advance on 31st March, 2008 = Rs. 14,000. 3

निम्नलिखित सूचना से वर्ष 2008-09 के लिये अदत्त चन्दे की राशि की गणना कीजिए—

एक क्लब के 200 (दो सौ) सदस्य हैं जिनमें प्रत्येक 1000 रु. वार्षिक चन्दा देता है। वर्ष का प्राप्ति एवं भुगतान खाता 2,05,000 रु. की चन्दे की राशि को दर्शाता है।

निम्नलिखित अतिरिक्त सूचना दी गई है —

(क) 31 मार्च 2008 को अदत्त चन्दा = 30,000 रु.

(ख) 31 मार्च 2009 को पूर्वदत्त चन्दा = 40,000 रु.

(ग) 31 मार्च 2008 को पूर्वदत्त चन्दा = 14,000 रु.

7. XYZ Ltd, forfeited 1,000 shares of Rs. 100 each for the non-payment of first call Rs. 20 per share and second and final call of Rs. 25 per share. State :

(i) Can these shares be re-issued ?

(ii) If yes, state the minimum amount at which these shares can be re-issued ?

(iii) If there shares were re-issued at Rs. 50 per share fully paid up, what will be the amount of Capital Reserve ? 3

एक्स, वाई, जेड लि. ने 100 रु. प्रत्येक के 1,000 समता अंशों को 20 रु. प्रति अंश की प्रथम याचना तथा 25 रु. प्रति अंश की दूसरी तथा अन्तिम याचना का भुगतान न करने पर जब्त कर लिया। बताइये–

(i) क्या इन अंशों को पुन: निर्गमित किया जा सकता है ?

(ii) यदि हाँ, तो वह न्यूनतम राशि बताइये जिस पर इन अंशों को पुन: निर्गमित किया जा सकता है ?

(iii) यदि इन अंशों को 50 रु. प्रति अंश, पूर्ण प्रदत्त पुन: निर्गमित किया जाये तो पूँजी संचय की राशि क्या होगी ?

8. 'M' Limited issued for public subscription 50,000 shares of the value of Rs. 10 each at a discount of 10% payable as follows :

Rs. 2 on application; Rs. 3 on allotment; Rs. 2 on first call and Rs. 2 on final call. The company received applications for Rs. 1,25,000 shares. The allotment was done as under :

(a) Applicants of 15,000 shares were refunded money;

(b) Applicants of 60,000 shares were allotted 30,000 shares;

(c) The remaining applicants were allotted 20,000 shares.

The excess application money was to be adjusted against allotment & calls, if any. Mohan, a shareholder who applied for 3,000 shares (Group - b) failed to pay allotment and both the calls. Ramesh a shareholder (Group-c), who was allotted 1,500 shares paid the calls money along with the allotment.

Calculate the amount received on allotment. 3

'एम' लिमिटेड ने सार्वजनिक अभिदान हेतु 10 % बट्टे पर 10/– रु. सममूल्य के 50,000 अंश जारी किये जिन पर निम्न प्रकार से राशि देय थी –

आवेदन पर 2 रु.; आवंटन पर 3 रु.; प्रथम याचना पर 2 रु.; तथा अंतिम याचना पर 2 रु.। कम्पनी को 1,25,000 अंश हेतु आवेदन प्राप्त हुए। आवंटन निम्न प्रकार से किया गया –

(क) 15,000 अंशों के आवेदकों को धनराशि लौटाई गयी।

(ख) 60,000 अंशों के आवेदकों को 30,000 अंशों का आवंटन किया गया।

(ग) बाकी आवेदकों को 20,000 अंशों का आवंटन किया गया;

यदि आवेदन पर अतिरिक्त राशि प्राप्त हुई हो तो उसे आवंटन एवं याचना पर देय राशि के विरुद्ध समायोजित करना था। मोहन, जो समूह 'ख' में था और जिसने 3,000 अंशों के लिये आवेदन किया था, वह आवंटन एवं दोनों याचनाओं पर देय धन राशि का भुगतान करने में असमर्थ रहा। दूसरा अंशधारक, रमेश जो समूह 'ग' में था तथा जिसे 1,500 अंशों का आवंटन किया गया था, उसने याचनाओं पर देय राशि का भुगतान आवंटन पर कर दिया।

यह ज्ञात कीजिये कि कम्पनी को आवंटन पर कितनी धनराशि प्राप्त हुई।

9. On March, 31, 2010 after the close of books of accounts, the Capital accounts of partners A, B, and C stood at Rs. 24,000; Rs. 20,000; and Rs. 12,000 respectively. The profits for the year Rs. 36,000 was distributed equally. Subsequently, it was discovered that interest on capital @ 5% p.a. had been omitted. The profit sharing ratio was 1 : 2 : 2.

Pass an adjusting entry. Show your workings clearly. 4

31 मार्च, 2010 को लेखा बहियों को बन्द करने के पश्चात् साझीदारों 'क', 'ख' तथा 'ग' के पूँजी खातों का शेष क्रमशः 24,000 रु.; 20,000 रु. तथा 12,000 रु. था। वर्षभर के लाभ 36,000 रु. को बराबर-बराबर बाँट दिया गया था। इसके बाद ज्ञात हुआ कि 5 % वार्षिक की दर से पूँजी ब्याज नहीं दिया गया था। लाभ- हानि अनुपात भी 1 : 2 : 2 था।

आवश्यक समायोजन प्रविष्टि कीजिये। अपनी कार्य टिप्पणी को स्पष्ट रूप से दर्शाइये।

10. X, Y and Z were partners in a firm sharing profits in the ratio of 3 : 2 : 1. Z retired and new profit sharing ratio between X and Y was 1 : 2. On Z's retirement the goodwill of the firm was valued at Rs. 30,000. Pass the necessary journal entries for the treatment of goodwill on Z's retirement without opening the Goodwill Account. 4

'एक्स', 'वाई' तथा 'जेड' एक फर्म में साझीदार हैं जो 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि बांटते हैं। 'जेड' ने अवकाश ग्रहण किया तथा 'एक्स' एवं 'वाई' के बीच नया लाभ-हानि अनुपात 1 : 2 था। 'जेड' के अवकाश ग्रहण करने पर फर्म की ख्याति 30,000 रु. आंकी गई। ख्याति खाता बिना खोले 'जेड' के अवकाश ग्रहण करने पर ख्याति के उपचार हेतु रोजनामचा प्रविष्टियाँ दीजिए।

11. 'P' Limited had a balance of Rs. 55,00,000 in its Profit & Loss Account. Instead of declaring a dividend, it decided to redeem its Rs. 50,00,000, 8% debentures at a premium of 10 %. Pass the necessary journal entries in the books of the company for the redemption of debentures. 4

'पी' लिमिटेड के लाभ-हानि खाते में 55,00,000 रु. का शेष था। लाभांश घोषित करने की अपेक्षा उसने 50,00,000 रु. के 8 % ऋणपत्रों को 10 % अधिमूल्य (प्रीमियम) पर शोधित करने का निर्णय लिया। कम्पनी की बहियों में ऋणपत्रों के शोधन हेतु रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिये।

12. Following is the Receipt & Payments Accounts of Delhi Sports Club for the year ended 31-12-2009. Prepare an Income & Expenditure A/c and a Balance Sheet on that date.

Receipts & Payments Account

Receipts	Rs.	Payments	Rs.
To Balance b/d	250	By Salaries	1,200
To Subscriptions :		By General Expenses	300
2008	250	By Electricity charges	200
2009	1,000	By Books	100
2010	200	By Newspapers	400
To Sale of old furniture	60	By Postage	50
[Cost Rs. 100]		By Furniture	250
To Rent of Hall received	740	By Balance c/d	500
To Profit on Entertainment	400		
To Sale of Newspapers	100		
	3,000		3,000

Additional Informations :

(a) Club has 50 members each paying an annual subscription of Rs. 25. Subscriptions outstanding on 31st December, 2008 were Rs. 300.

(b) On 31st December, 2009, salaries outstanding amounted to Rs. 100, salaries paid include Rs. 100 for the year 2008.

P.T.O.

(c) On 1st January, 2009 the Club owned Land & Building valued at Rs. 10,000, Furniture Rs. 600 and Books Rs. 500. 6

31-12-2009 के दिन समाप्त हुए वर्ष के लिये दिल्ली स्पोर्ट्स क्लब का प्राप्ति एवं भुगतान खाता निम्नलिखित है। इस तिथि हेतु एक आय तथा व्यय खाता एवं स्थिति विवरण तैयार कीजिये।

प्राप्ति एवं भुगतान खाता

प्राप्तियाँ	रु.	भुगतान	रु.
शेष द्वारा	250	वेतन द्वारा	1,200
अभिदान द्वारा–		सामान्य व्यय द्वारा	300
2008	250	विद्युत प्रभार द्वारा	200
2009	1,000	पुस्तकों द्वारा	100
2010	200	अखबार द्वारा	400
पुराने फर्नीचर की बिक्री द्वारा		डाक व्यय द्वारा	50
(लागत 100 रु.)	60	फर्नीचर द्वारा	250
हॉल का प्राप्त किराया	740	शेष द्वारा	500
मनोरंजन द्वारा लाभ	400		
पुराने अखबारों का			
विक्रय द्वारा	100		
	3,000		3,000

अतिरिक्त सूचनायें

(क) क्लब के कुल 50 सदस्य थे तथा प्रत्येक 25 रु. वार्षिक अभिदान का भुगतान करना था। 31 दिसम्बर, 2008 को 300 रु. अभिदान प्राप्य था।

(ख) 31 दिसम्बर, 2009 को देय वेतन 100 रु. था, भुगतान किये गये वेतन में 100 रु. वर्ष 2008 का था।

(ग) 1 जनवरी, 2009 को क्लब के पास निम्नलिखित था –

भूमि तथा भवन = 10,000 रु.

फर्नीचर = 600 रु.

पुस्तकें = 500 रु.

13. (a) A, B & C shared profit as 4 : 3 : 2 respectively. C decided to retire on March, 31. 2007 when their capitals were Rs. 18,600; Rs. 19,500 and Rs. 20,200 respectively, after making all adjustments on retirement. A and B between themselves decided to have a total capital of Rs. 40,000 in the proportion of 5 : 3. Calculate actual cash to be paid to or to be brought in by each partner.

(b) X, Y & Z are partners in a firm whose books are closed on March 31st each year. X died on 30th June, 2009 and according to the agreement the share of profit of a deceased partner upto the date of death is to be calculated on the basis of the average profits for the last five years. The net profits for the last 5 years have been; 2005-Rs. 14,000; 2006-Rs. 18,000; 2007-Rs. 16,000; 2008-Rs. 10,000 (Loss) and 2009-Rs. 16,000. Calculate X's share of the profit upto the date of death and pass the necessary journal entry. 3

(अ) 'अ', 'ब' तथा 'स' लाभ क्रमश: 4 : 3 : 2 के अनुपात में बांटते थे। 31 मार्च, 2007 को 'स' ने अवकाश ग्रहण करने का फैसला किया। उस समय उनकी पूँजी क्रमश: अ = 18,600 रु.; ब = 19,500 रु. तथा 'स' = 20,200 रु. थी। यह पूँजी सभी समायोजन करने के पश्चात् थी। 'अ' और 'ब' ने अपने मध्य में कुल 40,000 रु. की पूँजी 5 : 3 में रखने का फैसला किया। प्रत्येक साझीदार को या उनके द्वारा भुगतान किये गये रोकड़ का परिकलन कीजिये।

(ब) 'एक्स', 'वाई' तथा 'जेड' एक फर्म में साझीदार हैं जिसकी बहियाँ (पुस्तकें) प्रत्येक वर्ष 31 मार्च को बन्द की जाती हैं। 'एक्स' की मृत्यु 30 जून, 2009 को हुई तथा समझौते के अनुसार मृत साझीदार के लाभ में हिस्से की गणना उसकी मृत्यु की तिथि तक, पूर्व पाँच वर्ष के औसत लाभ पर आधारित होते हैं। पूर्व 5 वर्ष के लाभ निम्नलिखित हैं—

2005 — 14,000 रु.; 2006—18,000 रु.; 2007—16,000 रु.; 2008—10,000 रु. (हानि); 2009—16,000 रु.।

मृत्यु की तिथि तक 'एक्स' के हिस्से के लाभ की गणना कीजिये तथा आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टि कीजिये।

14. Sanjay Limited bought the business of Raju Limited on 01-04-2007 consisting of Sundry Assets of Rs. 5,60,000 and liabilities worth Rs. 1,00,.000 for a purchase consideration of Rs. 5,00,000. Sanjay Limited issued 12% debenture of Rs. 100 each at a premium of 25% on 01-05-2007 in full satisfaction of purchase consideration.

These debentures were redeemable after 3 years at a premium of 20%. Pass entries to record the above including redemption of debentures. 6

संजय लिमिटेड ने 01-04-2007 को राजू लिमिटेड का व्यवसाय 5,00,000 रु. के क्रय प्रतिफल में खरीदा तथा 5,60,000 रु. की विभिन्न सम्पत्तियाँ एवं 1,00,000 रु. की देयतायें प्राप्त कीं। क्रय प्रतिफल की पूर्ण संतुष्टि हेतु 01-05-2007 को संजय लिमिटेड ने 25% अधिमूल्य पर 12% ऋणपत्र जारी किये जिनका सममूल्य 100 रु. प्रति ऋणपत्र था। यह सब ऋणपत्र 3 वर्ष बाद 20 % अधिमूल्य पर शोधनीय थे। उपरोक्त को अभिलेखित करने हेतु (जिसमें ऋणपत्रों का शोधन भी शामिल हो) रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिये।

15. 'S' Limited issued applications for 50,000 shares of Rs. 10 each at a premium of Rs. 2 payable as follows :

On Applications Rs. 4 (Including premium Rs. 1)

On Allotment Rs. 4 (Including premium Rs. 1)

Balance on call :

Application for 75,000 shares were received and allotment was made on pro-rata basis, 'A' who was allotted 200 shares failed to pay allotment and call money. 'B' who applied for 600 shares failed to pay call money. These shares were forfeited and re-issued at Rs. 8 per share. Give Journal entries.

OR

'R' Limited invited applications for 10,000 equity shares of Rs. 100 each at a discount of Rs. 4 per equity share payable as follows :

Rs. 20 on application;

Rs. 30 on allotment; and

Rs. 46 on first and final call

The applications received were for 9,000 equity shares and all of these were accepted. All amount due was received except the first and final call on 400 equity shares. These shares were forfeited, 200 of these shares were re-issued as fully paid for a payment of Rs. 80 per equity shares. Assuming that all requirements of the law were compiled with. Pass the Journal entries in the booking of the company. 8

'एस' लिमिटेड ने 2 रु. अधिमूल्य पर 10 रु. के 50,000 अंशों के आवेदन आमंत्रित किये जिन पर राशि निम्न प्रकार देय थी–

आवेदन पर 4 रु. (1 रु. अधिमूल्य सहित)

आवंटन पर 4 रु. (1 रु. अधिमूल्य सहित)

बकाया याचना पर

75,000 अंशों के आवेदन प्राप्त हुए तथा आवंटन अनुपातिक आधार पर किया गया। 'अ' जिसे 200 अंश आवंटित किये गये थे। वह आवंटन एवं याचना का भुगतान करने में असमर्थ रहा। 'ब' जिसने 600 अंशों के लिये आवेदन किया था, वह याचना देने में असमर्थ रहा। इन सभी अंशों को जब्त करके 8 रु. प्रति अंश पर पुन: निर्गमित किया गया।

रोजनामचा प्रविष्टियाँ दीजिये।

अथवा

'आर' लिमिटेड ने 4 रु. बट्टे पर 100 रु. के 10,000 अंशों के अभिदान हेतु आवेदन आमंत्रित किये। धनराशि निम्न प्रकार देय थी–

आवेदन पर 20 रु.

आवंटन पर 3 रु.

प्रथम एवं अंतिम याचना पर 46 रु.

9,000 अंशों के लिये आवेदन प्राप्त हुए तथा सभी को स्वीकार कर लिया गया। 400 अंशों पर प्रथम एवं अंतिम याचना के अतिरिक्त सभी देय धनराशियाँ प्राप्त हो गईं। इन अंशों को जब्त कर लिया गया तथा 80 रु. पर पूर्ण भुगतान मानते हुए पुन: जारी कर दिया गया।

यह मानते हुए कि सभी कानूनी औपचारिकताओं को पूर्ण कर लिया गया है, कम्पनी की बहियों में रोजनामचा प्रविष्टियाँ दीजिये ।

16. P, Q and R are partners sharing profits in the ratio of 3 : 2 : 1. On 31st March, 2009 they decided to dissolve the firm. On that date their Balance Sheet was as under :

Liabilities		Amt. (Rs.)	Assets		Amt. (Rs.)
Creditors		17,000	Bank		4,000
Bank Loan		5,000	Debtors	30,000	
Capital Accounts :	Rs		*Less* Prov. for D.D.	1,500	28,500
P	28,500				
Q	20,000		Stock		10,500
R	9,500	58,000	Trade Marks		6,000
			Fixed Assets		31,000
		80,000			80,000

It is agreed that :

(i) Q is to take over Trade Marks at Rs. 5,100 and P to take over Debtors amounting to Rs. 26,000 at Rs. 24,500 while the creditors of Rs. 10,000 to be paid by Q at a discount of 5 %.

(ii) Q is to take over some of Fixed Assets at Rs. 18,000 being 10% less than Book Value.

(iii) R is to take over the remaining Fixed Assets at 80% of the book value, less Rs. 300 as discount and P is to assume the responsibility for the discharge of the bank loan together with accrued interest of Rs. 200 which has not been recorded in the books.

(iv) The remaining debtors were sold to a debt collecting agency for 70%. of the book value.

Prepare Realisation Account, Partners' Capital Accounts and Bank Account to close the books of the firm. 8

OR

P & Q are partners sharing profits in the ratio 2 : 1. Their Balance Sheet as on 31st December 2008 was as follows :

Liabilities	Amt. (Rs)	Assets	Amt.(Rs.)
Bank Overdraft	5,000	Debtors 40,000	
Creditors	30,000	*Less* Prov. for D.D. 3,600	36,400
Reserve Fund	12,000	Stock	20,000
Capital Accounts :		Patents	2,000
P 40,000		Machinery	23,600
Q 30,000	70,000	Building	35,000
	1,17,000		1,17,000

'R' was admitted on this date. New profit sharing ratio agreed was 3 : 2 : 1. 'R' brings in proportionate capital after the following adjustments :

(i) He brings Rs. 10,000 as his share of goodwill in cash.

(ii) Provision for doubtful debt be reduced by Rs. 2,400.

(iii) Investment worth Rs. 2,600 remains unrecorded in the books. It is to be recorded now in the books.

(iv) Patents are valueless.

(v) 2% discount is to be received on creditors.

Prepare Revaluation Account, Capital Accounts & the Balance Sheet of the new firm.

'पी', 'क्यू' तथा 'आर' साझीदार हैं तथा लाभ 3 : 2 : 1 में बांटते हैं। 31 मार्च, 2009 को उन्होंने फर्म का विघटन करने का निश्चय किया। उस दिन उनका स्थिति विवरण निम्नलिखित था।

दायित्व	रकम (रु.)	सम्पत्तियाँ	रकम (रु.)
लेनदार	17,000	बैंक	4,000
बैंक ऋण	5,000	देनदार 30,000	
पूँजी खाते : (रु.)		घटा प्रावधान 1,500	28,500
पी 28,500		स्कन्द	10,500
क्यू 20,000		व्यापार चिह्न	6,000
आर 9,500	58,000	स्थायी संपत्ति	31,000
	80,000		80,000

निम्न बातों पर समझौता हुआ –

(i) 'क्यू' को 5,100 रु. पर व्यापारिक चिह्न को ग्रहण करना था तथा 'पी' को 26,000 रु. के देनदारों को 24,000 पर ग्रहण करने हैं। 10,000 रु. के लेनदारों का भुगतान 'क्यू' द्वारा 5 % बट्टे पर किया जाना है।

(ii) 'क्यू' को कुछ स्थायी संपत्तियाँ 18,000 रु. पर ग्रहण करनी हैं जो पुस्तकीय मूल्य से 10 % कम हैं।

(iii) 'आर' को बची हुई स्थायी संपत्तियाँ उनके पुस्तकीय मूल्य के 80% में से छूट के 300 रु. घटाकर लेनी हैं। 'पी' को 200 रु. देय ब्याज के साथ बैंक ऋण को चुकाने का दायित्व वहन करना है। इन 200 रु. को पुस्तकों में अभिलेखित नहीं किया गया है।

(iv) बचे हुए देनदार पुस्तकीय मूल्य के 70% पर एक ऋण संग्रह संस्था को विक्रय कर दिये गये। फर्म की पुस्तकों को बन्द करने के लिये 'वसूली खाता', साझीदारों के पूँजी खाते तथा बैंक खाता बनाइये।

अथवा

'पी' तथा 'क्यू' साझीदार हैं जो 2 : 1 में लाभ बांटते हैं। 31 दिसम्बर, 2008 को उनका स्थिति विवरण निम्नलिखित है–

दायित्व	रकम (रु.)	सम्पत्तियाँ	रकम (रु.)
बैंक अधिविकर्ष	5,000	देनदार 40,000	
लेनदार	30,000	घटा प्रावधान (डूबत ऋण) 3,600	36,400
		स्कन्द	20,000
आरक्षित निधि	12,000	पेटेंट	2,000
पूँजी खाते :		उपकरण	23,600
'पी' 40,000		भवन	35,000
'क्यू' 30,000	70,000		
	1,17,000		1,17,000

'आर' को इसी तिथि को साझेदारी में शामिल किया गया। नया लाभ विभाजन अनुपात 3 : 2 : 1 था। निम्नलिखित समायोजनों के उपरांत 'आर' को अनुपातिक पूँजी लानी थी–

(i) वह अपने ख्याति के भाग के रूप में 10,000 रु. लाया।

(ii) डूबत ऋण का प्रावधान 2,400 रु. से कम करना था।

(iii) पुस्तकों में 2,600 रु. का निवेश अभिलेखित नहीं था। इसे अब अभिलेखित करना था।

(iv) पेटेंट मूल्य विहीन थे।

(v) लेनदारों से 2% की छूट प्राप्त होनी थी।

नई फर्म का पुन: मूल्यांकन खाता, पूँजी खाता तथा स्थिति विवरण बनाइये।

Part 'B'

(Financial Statements Analysis)

भाग 'ख'

(वित्तीय विवरणों का विश्लेषण)

17. How is the 'Earning Capacity of a business' assessed by 'Financial Statement Analysis' ?

किसी व्यवसाय की अर्जन क्षमता का मूल्यांकन वित्तीय विवरणों के विश्लेषण द्वारा किस प्रकार किया जाता है ? 1

18. Under which type of activity will you classify 'Sale of Investments' by a Finance Company while preparing its 'Cash Flow Statement' ? 1

एक वित्तीय कम्पनी का 'रोकड़ प्रवाह विवरण' तैयार करते समय उसके द्वारा 'निवेश के विक्रय' को किस प्रकार की गतिविधि के अन्तर्गत वर्गीकृत करेंगे ?

19. 'Sale of marketable securities at par' would result in inflow, outflow or no flow of cash. Give reason for your answer. 1

विक्रय योग्य प्रतिभूतियों के विक्रय से रोकड़ प्रवाह में अन्तर्वाह, वहिर्वाह अथवा कोई प्रवाह नहीं होगा। अपना उत्तर कारण सहित दीजिये।

20. Prepare a comparative income statement of 'Y' Limited, with the help of the following information : 3

Particulars	2009 (Rs.)	2010 (Rs.)
Sales	1,00,000	2,00,000
Cost of Goods Sold	60% of Sales	70% of Sales
Indirect Expenses	10% of Gross Profit	10% of Gross Profit
Rate of Income Tax	50% of Net Profit before Tax	50% of Net Profit before Tax

निम्नलिखित सूचना के आधार पर 'बाई' लिमिटेड के तुलनात्मक आय विवरण की रचना कीजिए।

विवरण	2009 (रु.)	2010 (रु.)
विक्रय	1,00,000	2,00,000
विक्रय वस्तु की लागत	विक्रय का 60%	विक्रय का 70%
अप्रत्यक्ष व्यय	सकल लाभ का 10%	सकल लाभ का 10%
आयकर की दर	शुद्ध लाभ का 50% (कर पूर्व)	कर पूर्व शुद्ध लाभ का 50%

21. (a) Find the value of Current Liabilities & Current Assets, if Current Ratio is 2.5 : 1, Liquid Ratio is 1.2 : 1 and the value of inventory of the firm is Rs. 78,000. (Stock) 2

(b) From the given information, calculate Stock Turnover Ratio :

Sales = Rs. 4,00,000; G.P. = 25% of Sales

Opening Stock was ¼th of Closing Stock. Closing Stock was 20% of Sales. 2

(अ) चालू सम्पत्ति एवं चालू दायित्व ज्ञात कीजिये यदि चालू अनुपात 2.5 : 1 हो तथा तरल अनुपात 1.2 : 1 हो। फर्म का स्टॉक (स्कंद) = 78,000 रु. है।

(ब) दी हुई सूचना से स्कंद आवर्त अनुपात की गणना कीजिये—

विक्रय = 4,00,000 रु.; सकल लाभ = विक्रय का 25% ; प्रारम्भिक रहतिया अंतिम रहतिये (stock) का ¼ भाग था। अंतिम रहतिया विक्रय का 20% था।

22. (a) Assume that debt equity ratio is 2 : 1. State giving reasons whether this ratio would increase, decrease or remain unchanged in the following cases :

(i) Purchase of fixed asset on long term deferred payment basis.

(ii) Issue of Bonus Shares 2

(b) Compute gross profit ratio from the following information :

Sales Rs. 4,00,000 & Gross Profit is 25% on cost. 2

(अ) यह मानते हुए कि ऋण समता अनुपात 2 : 1 है, कारण सहित बताइये कि निम्नलिखित स्थितियों में यह बढ़ेगा, घटेगा या अपरिवर्तित रहेगा—

(i) स्थायी संपत्ति को दीर्घ अवधि के लिये अस्थगित भुगतान आधार पर क्रय करना।

(ii) बोनस अंश जारी करना

(ब) निम्नलिखित सूचना से सकल लाभ अनुपात की गणना कीजिये–

विक्रय = 4,00,000 रु. तथा सकल लाभ लागत का 25% है।

23. The Balance Sheet of Kewal Ltd. as on 31st December, 2006 and on 31st December, 2007 were as follows :

Liabilities	31.12.07	31.12.06	Assets	31.12.07	31.12.06
	Rs.	Rs.		Rs.	Rs.
Share Capital	10,00,000	7,00,000	Plant &		
P/L A/c	2,50,000	1,50,000	Machinery	8,00,000	5,00,000
Proposed			Stock	1,00,000	75,000
Dividend	50,000	40,000	Cash	4,00,000	3,15,000
	13,00,000	8,90,000		13,00,000	8,90,000

Additional Information :

(a) Rs. 50,000 depreciation has been charged to Plant & Machinery during the year 2007.

(b) A piece of machinery costing Rs. 12,000 (Book value Rs. 5,000) was sold at 60% profit on book value.

Prepare Cash Flow Statement. 6

31 दिसम्बर, 2006 एवं 31 दिसम्बर 2007 को 'केवल लिमिटेड' के स्थिति विवरण निम्नलिखित थे–

दायित्व	31.12.07 (रु.)	31.12.06 (रु.)	संपत्तियाँ	31.12.07 (रु.)	31.12.06 (रु.)
अंश पूँजी	10,00,000	7,00,000	संयंत्र एवं		
लाभ/हानि खाता	2,50,000	1,50,000	मशीनरी	8,00,000	5,00,000
प्रस्तावित			स्कंद	1,00,000	75,000
लाभांश	50,000	40,000	रोकड़	4,00,000	3,15,000
	13,00,000	8,90,000		13,00,000	8,90,000

अतिरिक्त सूचना—

(क) वर्ष 2007 के दौरान 50,000 रु. ह्रास संयंत्र तथा मशीनरी पर लगाया गया।

(ख) मशीनरी का एक भाग जिसकी लागत 12,000 रु. (पुस्तकीय मूल्य 5,000 रु.) को पुस्तकीय मूल्य पर 60% लाभ के साथ बेचा गया।

एक रोकड़ प्रवाह विवरण की रचना कीजिये।।